# सत्र 2023-2024 के लिए पाठ्यक्रम

<table>
<tr><td colspan="6">कक्षा **1** विषय- हिंदी</td></tr>
<tr><td colspan="6">विद्यारंभ<br>विविध पृष्ठभूमि से कक्षा-I में आने वाले सभी बच्चों में स्कूल की तैयारी को बढ़ावा देने के लिए, कक्षा-1 में बच्चों के लिए एक तीन माह का पाठ्यक्रम "विद्यारंभ" तैयार किया गया है। यह पाठ्यक्रम **1** जुलाई **2023** से **30** सितंबर **2023** तक कक्षा में करवाया जाएगा। इसका उद्देश्य बच्चों को संज्ञानात्मक और भाषाई दक्षताओं के साथ सहज रूप से तैयार करना है। इस दौरान खेल विधि का प्रयोग कर बच्चों में पढ़ना, लिखना और संख्या की समझ विकसित करना ही मुख्य लक्ष्य है जो आगे सीखने के लिए आवश्यक है। सभी कक्षागत गतिविधियाँ अधिगम के प्रतिफल पर आधारित होंगी।</td></tr>
<tr><td>क्रम संख्या</td><td>पाठ का नाम</td><td>सीखने के प्रतिफल</td><td>टिप्पणी (कौशल)</td><td>आधारभूत पाठ्यक्रम</td><td>सुझावित गतिविधि / अभ्यास</td></tr>
<tr><td>1</td><td>झूला (कविता)</td><td>- मौखिक रूप से अपना परिचय देते हैं।<br>- कविता का आनंद सहित सस्वर वाचन करते हैं।<br>- नए शब्दों (झ, ल, ई) वाले शब्दों का अभ्यास करते हैं।<br>- दो, तीन, चार अक्षर वाले शब्द लिखते हैं।</td><td>कक्षा के आरम्भ के अनुरूप कविता चित्र-पठन, ए की मात्रा, ऊ की मात्रा, अक्षर पहचान, शब्दों की पहली, मध्यम और आखिरी आवाज़ की पहचान।</td><td>वर्णों और ध्वनियों की पहचान</td><td>ऊ की मात्रा वाले शब्दों का अभ्यास व उच्चारण कराना, विद्यालय के पार्क / खेल के मैदान का भ्रमण करवाना (अगर स्कूल में झूले हों तो झूले झुला सकते हैं।), अपने आसपास के वातावरण से 'ऊ' की मात्रा वाले शब्द/ चीज़ों के नाम पहचानना व बताना</td></tr>
<tr><td>2</td><td>आम की कहानी (चित्र कहानी)</td><td>- चित्रकथा को समझते हैं।<br>-आ की मात्रा वाले शब्दों का अभ्यास करते हैं।<br>- कहानी की घटनाओं का क्रम बताते हैं।</td><td>चित्र कथा पढ़ना, आम का चित्र, नाम वाले शब्द, अक्षर पहचान</td><td>चित्रों की पहचान, मौखिक अभिव्यक्ति</td><td>आम का चित्र बनवाकर रंग भरवाना, स्वाद व रंग पर चर्चा, अपने आसपास के वातावरण से 'आ' की मात्रा वाले शब्द/ चीज़ों के नाम पहचानना व बताना</td></tr>
<tr><td>3</td><td>पत्ते ही पत्ते (कहानी)</td><td>- विभिन्न प्रकार के पत्तों में अंतर करते हैं।(रंग, आकार और सतह के आधार पर)<br>- चित्रों को पहचान कर 'ए' की ध्वनि को पहचानते हैं व अक्षर ध्वनि संबंध स्थापित करते हैं।</td><td>रंगों के नाम, 1 से 20 संख्यावाची शब्दों के नाम</td><td>शब्द पठन, रंगों की पहचान</td><td>विभिन्न प्रकार के पेड़ों के पत्ते इकट्ठे करवाना, पत्तों की पहचान करवाना, हर बच्चे द्वारा इकट्ठे किए गए पत्तों को गिनना, पत्तों को कोई आकार देते हुए चिपकाना जैसे बिल्ली, मछली बनवाना आदि, पत्तों की छाप से चित्रकारी करवाना (लीफ पेंटिंग), रंगों के नाम लिखवाना, 1 से 20 तक संख्यावाची शब्द लिखवाना, अपने आसपास के वातावरण से 'ए' की मात्रा वाले</td></tr>
</table>

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | शब्द/ चीज़ों के नाम पहचानना व बताना |
| उपरोक्त पाठ्यक्रम 30 सितंबर 2023 तक पूर्ण किया जाना चाहिए। | | | | | |
| 4 | रसोईघर (कविता) | - कविता का आनंद सहित सस्वर वाचन करते हैं।<br>-सुलेख लिखते हैं।<br>- घ, थ और छ वाले शब्दों का उच्चारण व अभ्यास करते हैं।<br>- रसोई से सम्बंधित शब्दावली लिखते हैं। | - कविता को अभिनय के साथ सुनाना<br>- रसोई के सामान और उनका उपयोग<br>- सब्जियों एवं फलों के नाम तथा चित्र बनाना | रसोई के सामान की पहचान सब्जियों एवं फलों की पहचान | किचेन सेट से बच्चों को खेलने का अवसर प्रदान करवाना, रसोईघर से जुड़ी शब्दावली का अभ्यास करवाना, अपने आसपास के वातावरण से 'घ,थ और छ' वाले शब्द/ चीज़ों के नाम पहचानना, बताना एवं संबंधित चित्र चिपकवाना |
| 5 | बंदर और गिलहरी (कहानी) | - कहानी को समझ के साथ पढ़ने की कोशिश करते हैं।<br>- अनुकरण वाचन करते हैं।<br>- सुलेख लिखते हैं।<br>- विलोम शब्द लिखते हैं।<br>- विभिन्न जानवरों के नाम लिखते हैं।<br>- ए, ऐ, ओ और ओ की मात्रा का अभ्यास करते हैं। | कहानी आगे बढ़ाना, जानवरों के नाम, उनकी आवाज़, उनका भोजन एवं आदतें, चित्र के आधार पर कहानी का अनुमान लगाना, कहानी को अभिनय के साथ सुनाना | चित्रों की पहचान, जानवरों के नामों की पहचान, मौखिक अभिव्य क्ति | उछलकूद करने वाले और उछलकूद ना करने वाले जानवरों के नाम लिखना, विलोम शब्द, अपने आसपास के वातावरण से 'ए, ऐ, ओ,औ' की मात्रा वाले शब्द/ चीज़ों के नाम पहचानना व बताना |
| 6 | पतंग (कविता) *(केवल मौखिक अभिव्यक्ति , आकलन के लिए नहीं)* | - कविता का आनंद सहित सस्वर वाचन करते हैं।<br>- नए शब्दों का अभ्यास करते हैं। | विभिन्न प्रकार की पतंगों पर चर्चा करना, रंगीन कागज़ से पतंग बनाना, तरह-तरह की आवाज़ों के बारे में जानना | सकल पेशीय विकास | विभिन्न प्रकार की पतंगों पर चर्चा करना, रंगीन कागज़ से पतंग बनाना, तरह-तरह की आवाज़ों के बारे में जानना |
| 7 | गेंद बल्ला (कहानी) | - कहानी का आनन्द सहित सस्वर वाचन करते हैं।<br>- सुलेख लिखते हैं।<br>- सभी मात्राओं का अभ्यास करते हैं।<br>-वचन बदलते हैं।<br>-प्रश्न पूछते हैं। | विभिन्न प्रकार के खेलों के नाम, अनुस्वार एवं अनुनासिक | अपने मनपसंद खेल के नियम बनाकर खेलना, खेलों की जानकारी, | विभिन्न प्रकार के खेलों के नाम, अनुस्वार एवं अनुनासिक वाले शब्दों की ध्वनि सुनाना, गेंद व बल्ले वाले खेल खेलने का अवसर प्रदान करना, वचन बदलने का अभ्यास |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | मनपसंद खेल की मौखिक अभिव्यक्ति | |
| 8 | मैं भी (कहानी) | -कहानी का सस्वर वाचन करते हैं।<br>- अनुकरण वाचन करते हैं।<br>- सुलेख लिखते हैं।<br>- नए शब्दों का अभ्यास करते हैं।<br>- डूबने व तैरने वाली वस्तुएँ पहचानते हैं।<br>- चित्रों को पहचान कर 'ई' की ध्वनि को पहचानते हैं व अक्षर ध्वनि संबंध स्थापित करते हैं। | नाम वाले शब्द, काम वाले शब्द, डूबने और तैरने का परिचय | शब्द-पठन, डूबने और तैरने का अर्थ पता होना | चूज़ा या बतख़ का चित्र बनवाकर रंग भरना व उनके शरीर के अंगों के नाम लिखना,डूबने और तैरने वाली वस्तुओं की पहचान के लिए गतिविधि करवाना, अपने आसपास के वातावरण से 'ई' की मात्रा वाले शब्द/ चीज़ों के नाम पहचानना व बताना |
| 9 | चार चने (केवल मौखिक अभिव्यक्ति , आकलन के लिए नहीं) | - कविता का आनंद सहित सस्वर वाचन करते हैं।<br>- नए शब्दों का अभ्यास करते हैं।<br>- नाम और काम वाले शब्दों की पहचान करते हैं। | पशु पक्षियों के चित्र बनाना एवं उनकी आवाज निकालना, घटाव का परिचय | पशु-पक्षियों के नामों की पहचान एव उनकी आवाज़ों की पहचान, उल्टी गिनती की पहचान | पशु-पक्षियों के चित्र बनाना एवं उनकी आवाज़ निकालना, घटाव का परिचय |
| 10 | भगदड़ (कविता) | - कविता का आनंद सहित सस्वर वाचन करते हैं।<br>- नए शब्दों का अभ्यास करते हैं।<br>- कविता में आए पात्रों को क्रम अनुसार लगाते हैं। | कविता आगे बढ़ाना, कविता में कौन किस के बाद आया, तुकांत शब्द, घर के बाहर और अंदर खेले जाने वाले खेल | खेलों की जानकारी, शब्द में अंतिम आवाज़ की पहचान | घटनाओं को क्रमानुसार लगाना, तुकांत शब्द, घर के बाहर और घर के अंदर खेले जाने वाले खेल |
| 11 | सात पूँछ का चूहा (कहानी) | - कहानी को समझते हुए पढ़ते हैं।<br>- सुलेख लिखते हैं।<br>- अनुकरण वाचन करते हैं।<br>- नए शब्दों का अभ्यास करते हैं।<br>- सभी मात्राओं का अभ्यास करते हैं। | चूहे का चित्र, चूहे पर मौखिक चर्चा, पाठ में से अनुनासिक शब्द छाँटना | अनुनासिक की आवाज़ की पहचान | कोलाज द्वारा चूहे का चित्रण करवाना, 'मेरा विद्यालय' विषय पर चर्चा करना, पुस्तकालय से किताब चुनना, चित्र वर्णन (मौखिक), चित्र देखकर कहानी के बारे में बात करना। |

नोट :- प्रत्येक पाठ में आई मात्राओं का अभ्यास करवाएँ व मात्राओं की ध्वनि और बनावट में संबंध स्थापित करवाएँ ।

उपरोक्त कक्षा-1, हिंदी पाठ्यक्रम शैक्षणिक सत्र 2023-24 तक पूर्ण किया जाना चाहिए।